मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) और (ख) आतंकवादियों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में रक्षा समितियों के ग्रामीण सदस्यों और सुरक्षा बलों के कार्मिकों पर आक्रमण किया है । राज्य सरकार स्थिति से पूरी तरह अवगत है तथा आतंकवादियों के इरादों को नाकाम करने और ग्रामीणों में विश्वास कायम करने के लिए उचित कार्रवाई कर रही है ।

Profits from the Film 'Gandhi[5]

1439. SHRI AJIT P. K. JOG1:

KUMARI ALIA:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what are the profits earned by the National Film Development Corporation (N. F. D. C.) on of the film 'Gandhi' so far and how much of it has been transferred to the Cine Workers Welfare Fund;

(b) whether Government propose to take any action against Sir Richard Attenborough for his failure to transfer part of the profits from the Film 'Gandhi' as per the agreement with Government of India in April, 1981; and

(c) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI SiUBODH KANT SAHAY): (a) The National Film Development Corporation (N. F. D. C.) has received profits amounting to Rs. 3. 05 crores as its share, in the net profit from the film 'GANDHI'. NFDC did not have to transfer any amount to the Cine Workers Welfare Fund because it has only received profits as per the apportionment agreed to in the Co-production and Finance Agreement.

(Jb) and (c) The Government is adopting a two-pronged approach *viz.*, that of negotiations with Sir Richard Attenborough to ensure that he agrees to the repatriation of 5 per cent of the net profits earned from the film for crediting in the Cine Artistes Welfare Fund, and simultaneously preparing itself to get the issue settled in a Court of Law in U. K. in case the negotiations do not yield the desired results.

मध्य प्रदेश के रीवा जिले में सेना द्वारा चांदमारी का अभ्यास

1440. श्री अजीत जोगी :
कुमारी आलिया :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सेना मध्य प्रदेश के रीवा जिले के गगूड़ और बदनार गांवों के पास की पहाड़ियों में पिछले कई वर्षों से चांदमारी का अभ्यास करती आ रही है ;

(ख) इनके परिणामस्वरूप, कितने व्यक्ति हताहत हुये हैं ;

(ग) क्या सरकार चांदमारी के वर्तमान स्थल को किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर, विशेषत: उत्तर प्रदेश के बांदा जिले और मध्य प्रदेश के रीवा जिले से लगे वन क्षेत्रों में स्थानांतरित करने का विचार रखती है जिससे कि इन दोनों स्थानों पर व्याप्त डाकुओं के आंतक को समाप्त किया जा सके ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ललित विजय सिंह) : (क) सेना मध्य प्रदेश में रीवा चांदमारी रेंज में 1972 से चांदमारी का अभ्यास कर रही है। गगुड़ और बदनार गांव के पास की पहाड़ियां इसी रेंज का एक भाग है।

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान चांदमारी अभ्यास में 3 व्यक्तियों की मृत्यु हुई और 5 घायल हुये।

(ग) और (घ) इस रेंज को किसी अन्य स्थान पर ले जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।